दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, काराकाट से उपेन्द्र कुशवाहा, बक्सर से मिथलेश कुमार तिवारी और आरा से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद समेत कई प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर शांतिपूर्ण माहौल में पुनर्मतदान सम्पन्न।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में बारिश की जताई संभावना।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर मे पहुँच गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला भी तेज हो गया है। चौथे चरण में राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार का शोर कल शाम समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में तेरह मई को मतदान होना है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का आरोप लगाया है। तेलंगाना के महबूब नगर में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कदम से देश तबाह हो जायेगा।

———बाईट———

इधर, महाराष्ट्र के नन्दूरबार में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाया।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बारह मई को पटना में रोड शो करेंगे। श्री मोदी पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से पार्टी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। भाजपा नेता नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री को रोड शो शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर डाकबंगला चौराहा से शुरू होगा और भट्टाचार्य मोड़, कदमकुआँ होते हुए गाँधी मैदान स्थित उद्योग भवन के पास समाप्त होगा।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और झारखंड नक्सल मुक्त हो गया है। श्री शाह झारखंड के खूंटी में एक चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

———बाईट———

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के मोहनपुर और बक्सर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। श्री यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पन्द्रह अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाने की शुरूआत होगी। पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रहते हुए लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण पर खतरा है।

———बाईट———

————————————————————————————

इधर, भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के समर्थन में पटना

में एक जनसभा को सम्बोधित किया। एनडीए नेताओं ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए लोगों से रविशंकर प्रसाद के पक्ष में मतदान की अपील की। सासाराम संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम के समर्थन में एक चुनावी सभा सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों का यह आरोप सरासर गलत है कि भाजपा संविधान बदल देगी।

———बाईट———

———————————————————————————

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर आज शांतिपूर्ण माहौल में पुनर्मतदान सम्पन्न हो गया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इकसठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पुनर्मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पौरा पंचायत के सहरौन गांव में बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर मतदान सम्पन्न हो गया। बीते सात मई को हुए चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए मतदान का बहिष्कार किया था। इसी दौरान दो पक्षों में झड़प हो गई थी। असामाजिक तत्वों ने ईवीएम को भी क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया था। जिला प्रशासन की पहल पर चुनाव आयोग ने इन दोनों बूथों पर पुनर्मतदान कराए जाने का आदेश दिया था। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन से पूर्व श्री प्रसाद ने एक रोड शो भी किया। संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी ने लोगों से विकास के लिए अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

———बाईट———

काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री कुशवाहा ने दावा किया कि इस बार एक तरफा लड़ाई है।

———बाईट———

इधर, सासाराम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम और बक्सर से भाजपा के मिथिलेश तिवारी ने भी नामांकन पत्र भरा। इसके अलावा बक्सर से इंडी गठबंधन से राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह और आरा से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद ने भी अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। बक्सर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के अरूण कुमार ने नामांकन पत्र भरा। सातवें चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि चौदह मई तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच पन्द्रह मई को होगी जबकि उम्मीदवार सत्रह मई तक नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है।

———————————————————————

अगिआंव विधानसभा उप–चुनाव के लिए आज निर्दलीय विजय मेहरा ने नामांकन पत्र भरा। उप–चुनाव के लिए अब तक दो प्रत्याशी नामांकन पत्र भर चुके हैं।

———————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात गोपालगंज लोकसभा सीट की। गोपालगंज बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बिहार को तीन मुख्यमंत्री– अब्दुल गफूर,लालू प्रसाद और राबड़ी देवी देने वाला गोपालगंज, एक हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट माना जाता है। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया। वर्ष 2009 से अब तक हुए चुनावों में इस सीट पर भाजपा और जद यू का कब्जा रहा है। 2009 में जद यू के पूर्णमासी राम, 2014 में भाजपा के जनक राम और 2019 में जद यू के आलोक कुमार सुमन इस सीट से निर्वाचित हुए। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत गोपालगंज सीट जद यू के खाते में आई और पार्टी ने निवर्तमान सांसद आलोक कुमार सुमन पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, इंडी गठबंधन में यह सीट विकासशील इंसान पार्टी के पास आई। पार्टी ने प्रेमनाथ चंचल को उम्मीदवार बनाया है। प्रेमनाथ चंचल की राजनैतिक पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रही है। उनके पिता सुदामा मांझी की पहचान भी जिला भाजपा के बड़े नेता के रूप में रही है। बहरहाल, गोपालगंज सीट से कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एन डी ए उम्मीदवार आलोक कुमार सुमन और इंडी गठबंधन के प्रेमनाथ चंचल के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो एन डी ए का पलड़ा मजबूत दिखता है। 6 में से 4 विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा और जद यू का कब्जा है। दो विधानसभा सीट पर राजद के विधायक हैं। बरौली और गोपालगंज में भाजपा जबकि कुचायकोट और भोरे में जद यू के विधायक हैं। वहीं, बैकुंठपुर और हथुआ विधानसभा क्षेत्र में राजद के विधायक हैं। कृषि प्रधान गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र में कभी उद्योग–धंधों की भरमार थी। चार चीनी मिल, डालडा फैक्ट्री, कड़ाही फैक्ट्री समेत कई लघु उद्योग हुआ करते थे, लेकिन सब एक–एक कर बंद होते चले गये। फिलहाल दो चीन मिल चालू हैं। यही कारण है कि रोजगार के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रम शक्ति का पलायन होता है। स्थानीय समस्याओं से इतर इस बार के चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे अधिक हावी दिख रहे हैं। एन डी ए प्रत्याशी केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के आधार पर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं। वहीं, वी आई पी उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी की बात कर मतदाताओं को गोलबंद कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 20 लाख से अधिक मतदाता किस गठबंधन के प्रत्याशी पर अपना भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश तिवारी।

———————————————————————

पूरबा हवा के प्रवाह से प्रदेश में बारिश की अनुकूल स्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दरभंगा के हायाघाट में सबसे अधिक बयालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। समस्तीपुर के पटोरी में पैंतीस दशमलव दो और अररिया में तैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है।

———————————————————————————

मुख्य समाचार...........

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, काराकाट से उपेन्द्र कुशवाहा, बक्सर से मिथलेश कुमार तिवारी और आरा से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद समेत कई प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे।

03. खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर शांतिपूर्ण माहौल में पुनर्मतदान सम्पन्न।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में बारिश की जताई संभावना।

———————————————————————————

समाप्त हुआ।